हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.9 डिग्री

11 श्रीरामचन्द्र का राज्याभिषेक एवं लव-कुश लीला का ...



12 शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेरों से उठने वाली ...



**खबर संक्षेप**

## बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत भेजा गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 27 सितंबर की रात के समय अज्ञात युवक किला रोड मार्किट के पास से धर्मेंद्र की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 1 अक्टूबर को आरोपी कार्तिक निवासी गढी मौहल्ला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।

## बिजली निगम कर्मियों ने की नारेबाजी



**सांपला।** हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने शुक्रवार को आलाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्लेरिकल कर्मचारियों के स्थान पर टेक्निकल कर्मचारियों से काम लें रहे हैं। जिसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र में स्टाफ की कमी से परेशानी आ रही है। इसके अलावा कर्मचारियों को सेफ्टी किट भी नहीं मिल रही है। इस मौके पर प्रधान जयवीर, सुधीर, राजेश यादव, नवजीत खत्री, दीपक हुड्डा, अरविंद, संदीप, सुशील कत्याल, सोरव, नवीन, राजेश, सचिन, रविंद्र, सतीश आदि उपस्थित थे।

## कॉलेज छात्रों को दिए करियर बनाने के टिप्स

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में कॉलेज की प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। वर्कशॉप का संचालन प्राध्यापिका डॉ. सुनील कुमारी की देखरेख में किया गया। एमडीयू रोहतक के इमसार विभाग से प्रोफेसर अजय नांटल और डॉ. ईश्वर मित्तल ने विद्यार्थियों को पढाई के बाद कैरियर बनाने के टिप्स दिए। अजय नांदल ने विद्यार्थियों को कैरियर से हटकर अलग स्वतंत्र प्रबंधकीय सोच का विकास करना चाहिए। डॉ. ईश्वर मित्तल ने वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी।

## नेत्रदान जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** भारत विकास परिषद रोहतक शाखा ने नेत्रदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत वैश्य हाई स्कूल में चिता में जल रही आंखें - लोग जागे तो दूर होगा अंधेरा विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जूनियर वर्ग में मोनिशा भल्ला प्रथम तथा खुशी द्वितीय रहीं। वहीं सीनियर वर्ग में नीतिका प्रथम, अनुष्का द्वितीय और अमन तृतीय स्थान पर रहे। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, भारत को जानो पुस्तक और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कपड़े के थैले प्रदान किए गए।

## बॉक्सिंग में पारदर्शिता के लिए बड़ा फैसला

**रोहतक।** भारतीय बॉक्सिंग महासंघ (बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने खेल में निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब कोई भी रेफरी या जज बॉक्+सिंग चैंपियनशिप, टूर्नामेंट या चयन परीक्षण में कोच अथवा टीम मैनेजर की भूमिका नहीं निभा सकेगा। इसी प्रकार कोई कोच या मैनेजर रेफरी जज की जिम्मेदारी नहीं संभाल सकेगा। इस दिशा-निर्देश का उल्लंघन करने वालों पर भविष्य में भागीदारी पर रोक लगाने का प्रावधान किया गया है।

**योजनाओं को अमलीजामा :** आईएमटी में अमूल के विस्तार प्लांट व मदवि में कारीगरों को टूल किट और मार्जिन मनी दिया

# शहर को मिला डेयरी और खादी उद्योग का तोहफा
# शाह व नायब सैनी ने किया साझे संकल्प का ऐलान

*केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा को आज देश का सबसे बड़ा दूध, दही, छाछ, मिठाई और योगर्ट उत्पादन करने वाला संयंत्र मिला है। इस प्लांट में प्रतिदिन 150 मीट्रिक टन दही, तीन मीट्रिक टन छाछ, 10 मीट्रिक टन योगर्ट और 10 मीट्रिक टन मिठाई का उत्पादन होगा। किसानों को लाभ मिलेगा।*

**वर्ष 2014 की तुलना में डेयरी क्षेत्र में विकास 86 प्रतिशत से बढ़कर 120 प्रतिशत तक पहुंचा**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा शुक्रवार को विकास और आत्मनिर्भरता के दो बड़े कदमों का गवाह बना। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आईएमटी रोहतक में अमूल (साबर डेयरी) के विस्तार प्लांट का उद्घाटन किया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाओं की सौगात दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा को आज देश का सबसे बड़ा दूध, दही, छाछ, मिठाई और योगर्ट उत्पादन करने वाला संयंत्र मिला है। इस प्लांट में प्रतिदिन 150 मीट्रिक टन दही, तीन मीट्रिक टन छाछ, 10 मीट्रिक टन योगर्ट और 10 मीट्रिक टन मिठाई का उत्पादन होगा।

### डेयरी सेक्टर ने 70 प्रतिशत विकास दर हासिल की

भारत में डेयरी सेक्टर ने पिछले 11 वर्षों में 70 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। वर्ष 2014 में 140 मिलियन टन दूध उत्पादन से बढ़कर अब 249 मिलियन टन तक पहुंचना देश की बड़ी उपलब्धि है। देसी गायों के दूध का उत्पादन भी 29 से बढ़कर 50 मिलियन टन हुआ है। आज देश में 8 करोड़ नए किसान डेयरी क्षेत्र से जुड़े हैं और दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 124 ग्राम से बढ़कर 471 ग्राम प्रतिदिन तक पहुंच चुकी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले एक वर्ष में इस प्लांट की उत्पादन क्षमता दोगुनी की जाएगी।

### किसानों तक पहुंचेंगी सुविधाएं



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किसानों से वादा किया कि हरियाणा में पशुओं के लिए भ्रूण स्थानांतरण और लिंग निर्धारण योजना का लाभ हर पशुपालक तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने तीन लक्ष्य तय किए हैं पशु आहार की पर्याप्त व्यवस्था, गोबर प्रबंधन, दूध उत्पादक पशुओं के अवशेषों का बेहतर उपयोग। राष्ट्रीय गोकुल मिशन किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है और अब पशुपालन से जुड़ी रिसर्च और संयंत्रों की संख्या तीन गुना तेजी से बढ़ाई जाएगी।

### खादी और स्वदेशी को नई उड़ान

मदवि में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने कारीगरों को आधुनिक मशीनें, टूल किट्स और पीएमईजीपी योजना के तहत 301 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी वितरित की। इसके अलावा खादी ग्रामोद्योग भवनों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। आजादी के बाद खादी की अनदेखी हुई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी का कारोबार 33 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस लाभ का सीधा फायदा बुनकरों और कारीगरों को मिल रहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में 395 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर दीपावली का तोहफा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा खादी फॉर नेशन के साथ खादी फॉर फैशन बनानी है और हर घर स्वदेशी को अपनाना है।

### हरियाणा के लिए गर्व का विषय

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शुक्रवार का दिन हरियाणा के लिए गर्व का विषय है। एक ओर अमूल डेयरी का विशाल संयंत्र किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा, तो दूसरी ओर खादी और ग्रामोद्योग का सशक्तिकरण आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई दिशा देगा। हरियाणा खादी पगड़ी का लोकार्पण गृह मंत्री के कर-कमलों से होना गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी केवल आजादी का प्रतीक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यम बन चुकी है। सैनी ने वादा किया कि वर्ष 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प में हरियाणा की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगी, जिसमें खादी और एमएसएमई की बड़ी भूमिका होगी।

### सहकार से समृद्धि की ओर हरियाणा: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता की भावना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 लागू की गई है। इस नीति में गांव, किसान, महिलाएं, दलित और आदिवासी केंद्र में रखे गए हैं। यह पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के साथ सहकारी संस्थाओं को कॉरपोरेट क्षेत्र की बराबरी पर खड़ा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया अभियान से हर घर में स्वदेशी की भावना को बल मिला है। नई जीएसटी स्लैब से हरियाणा को 4 हजार करोड़ रुपये का सीधा लाभ होगा।

### भाजपा के कई बड़े नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, सांसद धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, ओम प्रकाश धनखड़, रामबिलास शर्मा, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व कृष्ण मूर्ति हुड्डा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश सचिव अजय बंसल, पूर्व विधायक सरिता नारायण, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, महापौर राम अवतार वाल्मीकि, हिमांशु ग्रोवर, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, दीपक निवास हुड्डा आदि मौजूद रहे।

### खाने में प्लास्टिक का टुकड़ा मिलने का आरोप

शाह के रोहतक दौरे के दौरान खाने को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि वीआईपी स्टाफ के खाने में प्लास्टिक का टुकड़ा मिला। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी फैकल्टी गेस्ट हाउस में लंच रखा गया था। फूड सेफ्टी टीम ने इस बात से इनकार करते हुए कहा कि खाने में कोई कमी नहीं थी। जब जांच करने पहुंचे तो वहां स्टाफ का कोई सदस्य नहीं मिला। पुलिस प्रवक्ता सन्नी लौरा ने कहा कि खाने के दौरान कोई कांच का टुकड़ा नहीं मिला।

### शाह का वीसी और कुलसचिव ने किया स्वागत



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के पहुंचने पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने उनका हार्दिक अभिनन्दन किया। एमडीयू के फैकल्टी हाउस में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनका हार्दिक स्वागत किया और एमडीयू परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति और कुलसचिव द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

**श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट ड्राइव**

## 65 छात्रों से पूछे करियर संबंधी प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। इस आयोजन में छात्रों को विभिन्न करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें अकाउंटेंट, टीचिंग और आईटी क्षेत्र के रोजगार प्रमुख रहे। सेल की संयोजिका डॉ. सनी कपूर ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और करियर संबंधित प्रश्न पूछे। कार्यक्रम में एडवोकेट यश गांधी ने विद्यार्थियों को विभिन्न व्यवसायों की चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को साक्षात्कार के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों, आत्मविश्वास और संचार कौशल के महत्व पर जोर देते हुए उपयोगी सफलता टिप्स प्रदान किए। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव न केवल विद्यार्थियों के कौशल को निखारती हैं, बल्कि उन्हें पेशेवर दुनिया के लिए तैयार भी करती हैं।

## तीन दिन में बंदर पकड़ने का काम नहीं शुरू किया तो टेंडर होगा रद्द

**महम।** नगर पालिका द्वारा महम में बंदर पकड़ने के लिए मथुरा जिले की एक फर्म को टेंडर दिया गया है। लेकिन यह फर्म बंदर पकड़ने का काम नहीं कर पाई है। इस संबंध में नगर पालिका सचिव ने फर्म को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि यदि तीन दिन के अंदर महम में बंदर पकड़ने का काम शुरू नहीं किया गया तो टेंडर रद्द कर दिया जाएगा। नगर पार्षद बजरंग उर्फ बॉबी गोयल ने बताया कि 30 अप्रैल को फर्म को बंदर पकड़ने का वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। शहर के लोगों की बंदरों को लेकर बार बार शिकायतें आ रही हैं।

## '14 वर्ष बाद भरत से मिले श्रीराम'



**रोहतक।** पुराने बस स्टैंड स्थित श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी ( लोकल) में द्वारा निकाली गई राम बारात के दौरान बाबरा मोहल्ला में भरत मिलाप का मंचन करते हुए कलाकार। शहर के सभी मंदिरों में पूजा-अर्जना की गई। *विस्तृत खबर पेज-11 पर*

**उपलब्धि** पीजीआई के डेंटल कॉलेज को यूएस में हुए शोध को मिली वैश्विक पहचान

## मैंडिबुलर फ्रैक्चर्स पर अध्ययन टाप 50 में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पीजीआई के डेंटल कॉलेज ने एक बार फिर शोध के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। डा. अमरीश भगोल (प्रोफेसर), डा. वीरेन्द्र सिंह (वरिष्ठ प्रोफेसर) और डा. राहुल द्वारा मैंडिबुलर फ्रैक्चर पर किए गए अध्ययन को प्रतिष्ठित अमेरिकन जर्नल आफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी ने दुनिया के शीर्ष 50 सबसे अधिक उद्धृत शोधों में शामिल किया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डा. एचके अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने चिकित्सकों से प्रेरणा लेकर मरीजों के हित में और अधिक शोध करने का आह्वान किया। कुलगुरु द्वारा रिसर्च को प्रोत्साहन देने के लिए 5 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी गई है। डा. अमरीश भगोल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में जबड़े की हड्डी की चोटें आम हैं और इन फ्रैक्चर्स के इलाज में गंभीर चुनौतियां होती हैं। उनके शोध में विकसित वर्गीकरण प्रणाली अब विश्वभर में सर्जनों द्वारा अपनाई जा रही है और उपचार की योजना व मानकीकरण का अहम औजार बन गई है।

### 150 से अधिक शोध प्रकाशित किए

प्राचार्य डा. संजय तिवारी ने बताया कि डा. अमरीश और डा. वीरेन्द्र ने मिलकर 150 से अधिक शोध प्रकाशित किए हैं जिन्हें 2800 से ज्यादा बार उद्धृत किया गया है। दोनों के शोध कार्य अमेरिका और ब्रिटेन की प्रमुख पाठ्यपुस्तकों में भी शामिल हैं। 25 वर्षों के अनुभव के साथ दोनों ने 5,000 से अधिक सर्जरी की हैं और रोगी देखभाल व सर्जिकल प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर डा. वीरेंद्र, डा. अरुण, सीओएफ राजेश मनोचा और सचिव संजीव उपस्थित रहे।

### नॉर्थ जोन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 44वां सम्मेलन 13 से 15 फरवरी 2026 को पीजीआई में

उत्तर भारत के राज्यों के अस्थि रोग विशेषज्ञों के लिए 44वां उत्तर क्षेत्रीय अस्थि रोग सम्मेलन एन.जेडओए कॉन 2026 आगामी 13 से 15 फरवरी 2026 तक पीजीआई में आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं अस्थि रोग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रूप सिंह ने सम्मेलन की वेबसाइट और पुस्तिका का विमोचन किया। डॉ. रूप सिंह ने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मेलन हर वर्ष उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों में आयोजित किया जाता है और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि वर्ष 2026 में इसका आयोजन रोहतक में होने जा रहा है। सम्मेलन की वेबसाइट के विमोचन के साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस बार लगभग एक हजार से अधिक प्रतिभागियों के पंजीकरण की संभावना है।



## धूप समारोह में सोलर लाइट लगवाने की मांग

**रोहतक।** गांव घिलौड़ कलां के शिव मंदिर में 'धूप समारोह 'का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत समिति रोहतक के चेयरमैन खुशी राम हुड्डा, जिला परिषद के वार्ड नंबर 12 की सदस्य सुमन देशवाल शामिल हुई। कार्यक्रम में लोगों ने दोनों चुने हुए प्रतिनिधियों के समक्ष मांग रखी कि उनके गांव में सोलर लाइटें लगवाई जाएं। इसके अलावा मंदिर में शौचालय बनाने, स्टील की कुर्सियां लगवाने, देशवाल पाना की नई चौपाल की चारदिवारी और फर्श की मरम्मत, खंडाकर तालाब पर महिला स्नान घाट बनवाने की मांग की। चेयरमैन हुड्डा ने कहा कि उनकी मांगों पर संजीदगी से गौर किया जाएगा। इस मौके पर सीरी, उमेद, मास्टर शीलक राम, विजय कुमार, सुनील देशवाल, ओमप्रकाश, सतबीर फौजी, हरेंद्र सिंह, नीटू फौजी, कुलदीप सिंह, अनिल देशवाल समेत गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ध्यान रहे कि घिलौड़ कलां के लोग शिव मंदिर में धूप समारोह का आयोजन करते हैं।



तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

***(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)***

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिज़ाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**
- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**
- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**
- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**
- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**
- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**
**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)
**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**
बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**
**पाठ्यक्रम विवरण :** -
एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए
- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल
**डॉ. दिव्या तंवर**

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**
सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

## गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया** : सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या** : तुलना की आदत: लोग दूसरों की "परफेक्ट" ज़िंदगी देखकर अपनी वास्तविक ज़िंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत ज़िम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोजानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



### बाघपुर में संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बाघपुर में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब पचास वर्षीय बिशनदास के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार बिशनदास को वीरवार को पेट में दर्द उठा तो वे उसे उपचार के लिए बेरी के अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। यहां परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### आईटीआई में आज होगा दीक्षांत समारोह

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बहादुरगढ़ में शनिवार 4 अक्टूबर को वर्ष 2025 के पासआउट विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आईटीआई की आरएसी लैब में सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक होगा। संस्थान प्रशासन ने बताया कि इस अवसर पर पासआउट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### पराली जलाने से रोकने को अभियान चलाया

**झज्जर।** पराली जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण और नुकसान को रोकने के लिए जिला पुलिस लगातार किसानों को जागरूक कर रही है। थाना प्रबंधक सदर ने गांव खेड़ी आसरा के किसानों को धान की कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को आग न लगाने के बारे में जागरूक किया। किसानों पर निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वाइस चेयरमैन पर मारपीट का आरोप

सांपला कसरेटी गांव के युवक ने वायस चेयरमैन सुनील पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने अनील के बयान पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। उसका आरोप है कि वह नहर पर बैठा था।

कलाकारों के अद्भुत अभिनय को देखकर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

# रामलीला में श्रीराम का राज्याभिषेक और लव-कुश लीला का भव्य मंचन

- *कमेटी के पादिधारियों ने कलाकारों को किया सम्मानित*
- *कलाकारों के मंचन का दर्शकों ने तालियों से किया स्वागत*

विजय तिलक एवं रामलीला का उद्घाटन उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन ने रिमोट का बटन दबाकर किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर बाबा कालीदास महाराज और बाबा सुखा शाह महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला में शुक्रवार को पुरानी आईटीआई ग्राउंड, सरकुलर रोड पर भगवान श्रीरामचन्द्र का राज्याभिषेक एवं लव-कुश लीला का भव्य मंचन किया गया। आकर्षक मंच सज्जा और रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजे पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने जानकारी दी कि विजय तिलक एवं रामलीला का उद्घाटन उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन ने रिमोट का बटन दबाकर किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर बाबा कालीदास महाराज और बाबा सुखा शाह महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी आशीष चैरासिया और उद्योगपति रविंद्र गर्ग बॉबी, जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजसेवी सुमित अग्रवाल मौजूद रहे। रामलीला उत्सव कमेटी के प्रधान सुभाष तायल सहित सभी अतिथियों ने भगवान श्रीरामचन्द्र का अभिषेक किया और संगीतमय महाआरती में भाग लिया। मंच संचालन सतीश भारद्वाज और विजय गुप्ता बाबा ने किया। इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सभी अतिथियों एवं आमंत्रित कवियों को मोतियों की माला, बैज, पटका, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**लव-कुश लीला ने बांधा समां**



रोहतक। पुराने बस स्टैंड स्थित प्राचीन रामलीला सोसययटी के मंच पर मंचन करते कलाकार।

*कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लव–कुश लीला ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। नाटिका की अद्भुत प्रस्तुति देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। अयोध्यावासियों की भूमिका निभा रहे कलाकारों ने श्रीराम के राज्याभिषेक पर दीप प्रज्ज्वलित कर भक्ति का माहैल बना दिया।*

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रधान सुभाष तायल, शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपिन गोयल, गुलशन निझावन, वरुण सिंगल, अमर अरोड़ा, मनोज जिंदल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुरेन्द्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, शीतल, विकास दलाल, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ा, वरुण शर्मा, नरेश शर्मा, राजन गुप्ता, दिनेश तायल, प्रेम गर्ग, मनीष जैन आदि रहे।



रोहतक। पुरानी आईटीआई की रामलीला में श्रीराम की पूजा करते उद्योगपति राजेश जैन।

छात्रों के साथ अविभावक सम्मानित

## यमन और लक्ष्य ने एनडीए परीक्षा में पाई सफलता



रोहतक। अविभावकों को सम्मानित करते शिक्षक।

- छात्रों की सफलता में अध्यापकों का समर्पण आया काम

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र यमन शर्मा तथा लक्ष्य राणा ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय परिवार और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान में आईआईटी, जेईई, नीट, यूपीएससी तथा एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष कक्षाएं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। इन कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को न केवल उच्च स्तरीय मार्गदर्शन दिया जाता है, बल्कि अनुशासन और सतत अभ्यास की प्रेरणा भी प्रदान की जाती है, जिससे छात्र अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम हो पाते हैं। विद्यालय के निर्देशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने दोनों छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि "यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। हमारे अध्यापकगण अपने समर्पण और मार्गदर्शन के लिए विशेष सराहना के पात्र हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने इस सफलता को विद्यालय परिवार का गौरव बताते हुए कहा कि "यमन और लक्ष्य की उपलब्धि अन्य छात्रों को भी बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें प्राप्त करने की प्रेरणा देगी।

**दी बधाई**

सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता ने भी यमन शर्मा एवं लक्ष्य राणा के अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## आरकेपी स्कूल मदीना के विद्यार्थियों ने किया नाटक का मनमोहक मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

आरकेपी स्कूल मदीना में दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नवरात्रि, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर्व भी मनाए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपरा तथा धार्मिक मूल्यों से बच्चों को जोड़ना, उनमें नैतिक आदर्शों का संचार करना रहा। विद्यार्थियों ने रावण के अहंकार तथा गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर आधारित नाटिका, नृत्य, कविता तथा भाषण प्रस्तुत कर सत्य व अहिंसा ,बुराई पर अच्छाई की जीत तथा सामाजिक सद्भावना का संदेश दिया।



महम। नाटक का मंचन करती आरकेपी स्कूल मदीना की छात्राएं।

**छात्राओं ने माँ दुर्गा के अवतारों का रूप धारण किया**

दसवीं कक्षा की छात्राओं ने माँ दुर्गा के नौ अवतार का रूप धारण कर बताया कि माँ दुर्गा के नौ रूप शक्ति, सृजन, धैर्य, साहस ,करुणा अनुशासन, दृढ़ता, ऊर्जा, ममता तथा मातृत्व के प्रतीक हैं। स्कूल प्रबंधक साहिल दांगी ने विद्यार्थियों को बताया कि गांधी जयंती का मौका सिर्फ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों को याद करने का नहीं होता बल्कि उनके आदर्शों को अपनाने व जीवन में उतारने के संकल्प का दिन होता है। उन्होंने मां दुर्गा के नौ रूपों के बारे में बताया कि मां दुर्गा के ये नौ रूप स्त्री की शक्ति और उसके महत्त्व को दर्शाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने पर बल दिया।

### गोरखधाम एक्सप्रेस में यात्री के 25 हजार रुपये व आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** लखनऊ से गोरखधाम एक्सप्रेस में सवार होकर रोहतक की तरफ जा रहे एक यात्री के पर्स गायब कर लिया गया। पर्स में सोने की चेन, दो जोड़ी चांदी की पायल और करीब 25 हजार रुपये नकद रखे थे। पीड़ित ने तीन लोगों पर संदेह जताया है। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लखनऊ के सूर्या नगर निवासी करीब 67 वर्षीय सत्यानंद मिश्र एक अक्टूबर की शाम करे अपनी पत्नी संग गोरखधाम एक्सप्रेस में सवार होकर रोहतक आ रहे थे। बहादुरगढ़ स्टेशन के पास तीन अज्ञात व्यक्ति बोगी में चढ़े। इनमें से एक ने बैग के पास पानी गिरा दिया और कहा कि इसे ऊपर रख दीजिए। इसी दौरान उनके बैग से काले रंग का पर्स चुरा लिया।

## महंत बालक नाथ योगी ने केंद्रीय गृह मंत्री और सीएम नायब सैनी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ मठ एवं विश्वविद्यालय में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का भव्य स्वागत किया। दोनों ही विशिष्ट अतिथियों के मठ प्रांगण में आगमन पर वातावरण उत्साह और श्रद्धा से परिपूर्ण हो उठा। राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं मठाधीश महंत बालक नाथ योगी ने दोनों महानुभावों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया और उन्हें मठ की आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी।



**अमित शाह ने की बीएमयू और मठ की सराहना**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा मस्तनाथ मठ में महंत बालक नाथ योगी के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श भी किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय व मठ की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार का संगम ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। जब शिक्षा और संस्कार का संगम होता है, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। बाबा मस्तनाथ मठ और विश्वविद्यालय इसी दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी विश्वविद्यालय परिवार और श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि बाबा मस्तनाथ मठ सदियों से समाज को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक दिशा देता आया है। यहां कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, सांसद रामचंद्र जांगड़ाआदि रहे।



**गांधी जयंती पर बच्चों ने लिया सत्य-अहिंसा का संकल्प**

**रोहतक।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 3 अक्तूबर एमडीएन पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में यह दिन श्रद्धा और आदर के साथ मनाया गया। प्रातः कालीन सभा में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से प्रेरणादायी गीत गाकर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इसके बाद बच्चों ने भाषण, कविताएं और लघु-नाट्य प्रस्तुत किए, जिनमें बापू के जीवन दर्शन और उनके संघर्षों का सजीव चित्रण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दांडी यात्रा' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति रही। विद्यार्थियों ने गांधी के आत्मसंयम, त्याग और दृढ़ निश्चय को मंच पर जीवंत कर सबको भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्या मिस मीनू टहल्यानी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि गांधी का सम्पूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा का प्रतीक है। उनका मार्ग आज भी सभी को ईमानदारी, सादगी और आत्मबल से जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

## शाह के कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने की छात्रों की धरपकड़ घर में रखे नजरबंद, कई को थाने में घंटों तक बैठाए रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कई दिन से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र यूनिवर्सिटी में फैले भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर आंदोलन कर रहे हैं। शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह को यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम था। इस दौरान छात्र प्रोग्राम में कोई खलल पैदा न कर दें। इसके लिए पुलिस ने सुबह-सुबह छात्रों की धरपकड़ की। किसी को घंटों तक थाने में बैठाया रखा तो किसी को हाउस अरेस्ट किए रखा। छात्रों को तब छोड़ा गया, जब अमित शाह कार्यक्रम संपन्न करके वापस चले गए। ध्यान ये भी रहे कि इनसो के अलावा तकरीबन सभी छात्र संगठनों ने कई दिन पहले ही ये स्पष्ट कर दिया था कि वे गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को देखते हुए फिलहाल आंदोलन को स्थगित कर रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस ने छात्रों की धरपकड़ की। पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई के विरोध में छात्रों ने शाम को यूनिर्विटी में मंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर रोष प्रकट किया।



रोहतक। इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक व अन्य विद्यार्थी।



रोहतक। छात्र नेता डॉ. प्रदीप देशवाल

**इन्हें किया नजरबंद**

छात्र नेता डॉ. प्रदीप देशवाल के मुताबिक उन्हें पूरे दिन उनके घर में हाउस अरेस्ट रखा गया। आम आदमी पार्टी छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ ने कहा कि वे छात्रों और युवाओं की समस्याओं को लेकर एक शांतिपूर्ण ज्ञापन सौंपना चाहते थे। पुलिस ने उन्हें सुबह से ही घर से गिरफ़्तार कर लिया गया और शाम तक अवैध हिरासत में रखा गया।इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने बताया कि उन्हें भी पुलिस ने सुबह ही घर से गिरफ्तार कर लिया था। इन्होंने बताया कि छात्रों को गिरफ्तार करके उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन पुलिस ने किया है।



**स्वयंसेवकों ने आश्रम के बच्चों संग बांटा प्यार**

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एनएसएस स्वयंसेवकों ने लखीराम अनाथालय आश्रम का दौरा किया। इस अवसर पर वॉलंटियर्स ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके साथ समय बिताया। बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और स्वयंसेवकों ने उन्हें प्रोत्साहित किया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) सविता राठी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आश्रम के बच्चों के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करना तथा स्वयंसेवकों में सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करना है। इस सेवा कार्य में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु मलिक (सीआरए महाविद्यालय, सोनीपत) और डॉ. मनीषा (सरकारी महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा) ने भी सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी रचनात्मकता और जिज्ञासाओं को प्रोत्साहित किया।

**आरोप-प्रत्यारोप** 13 अक्टूबर तक देने हैं 9 सवालों के जवाब, विद्यार्थियों को खुद ही मदवि ने दिया समय

### मामला कुलपति आवास परिसर में गमला फैक्ट्री का

# डांट लगते ही सौंपी अंतरिम रिपोर्ट, छात्रों की दलीलें सुने बिना ही उनकी एंट्री बैन की तैयारी में एमडीयू

- अंतिम रिपोर्ट अधिकारियों के यहां-वहां से होते हुए आला-अफसरों के पास पहुंच गई

अमरजीत गिल ▶▶ रोहतक

गत 19 सितंबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के छात्र कुलपति के आवास में जबरन घुस गए थे। इन छात्रों के साथ यूनिवर्सिटी क्या कार्रवाई करे, यह तय करने की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी के संवैधानिक पद पर कार्य कर रहे एक प्रोफेसर को दी गई। इनके साथ कुछ और सदस्य भी हैं। लेकिन इन्होंने मामले को लेकर अभी तक ज्यादा संवेदनशीलता नहीं दिखाई थी। शुक्रवार सुबह यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को फटकार लगाई तो शाम तक मामले की अंतिम रिपोर्ट अधिकारियों के यहां-वहां से होते हुए आला-अफसरों के पास पहुंच गई। बताया जा रहा है कि इस रिपोर्ट में छात्रों की यूनिवर्सिटी में एंट्री बैन करने की सिफारिश की गई है। इधर, यूनिवर्सिटी के गमला प्रकरण को लेकर एचफूक्टो के प्रधान डॉ. विकास सिवाच ने कहा कि हमारे संगठन ने तीन सदस्यीय कमेटी जांच बनाई थी। इस कमेटी में एक दूसरे विश्वविद्यालय के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भी हैं। सिवाच ने बताया कि गठित वीसी कोठी का निरीक्षण करे, इसकी अनुमति अभी तक नहीं दी गई है। कमेटी यह जांच करती कि वीसी की कोठी पर गमला फैक्ट्री थी, या नहीं। वहीं मडूटा प्रधान सिवाल ने कहा कि छात्रों पर यूनिवर्सिटी कार्रवाई कर रही है तो फिर विश्वविद्यालय को यह स्पष्ट करना चाहिए कि गमले क्यों बनाए जा रहे थे

### 30 को पेश हुए थे विद्यार्थी

जिन छात्रों पर वीसी आवास परिसर में घुसने के आरोप थे, उन्हें अपना पक्ष 29 सितंबर को रखना था। इसके लिए छात्र पहुंचे भी, लेकिन छात्रों ने अनुरोध किया था कि उन्हें जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए। विद्यार्थियों की बात स्वीकार कर ली। लेकिन ये शुक्रवार को एक अधिकारी से आला-अधिकारी ने पूछा कि मुझसे पूछे बिना छात्रों को 15 दिन का समय क्यों दिया।



रोहतक। जवाब देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को जारी किया गया पत्र! फोटो : हरिभूमि

**ये हैं मुख्य सवाल:** 1-19 सितंबर को करीब 11.50 बजे कुलपति आवास पर क्यों गए।
2-क्या आपको किसी अधिकारी/कार्यालय द्वारा कुलपति से मिलने का समय दिया था।
2-सुरक्षा गार्डों को धक्का देकर जबरन कुलपति के आवास का मुख्य द्वार क्यों खुलवाया, एक गार्ड को कसकर पकड़ लिया, जिससे वह ड्यूटी नहीं कर पाए।
3-बाहरी छात्रों/लोगों कुलपति के आवास में प्रवेश करने के लिए क्यों कहा।
4-कुलपति के आवास के अंदर आपके साथ कौन से छात्र/बाहरी लोग थे।
5-कुलपति आवास पर किसने कस्सी उठाई और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी को धमकाया।
6-निवास के अंदर किन स्थानों पर गए और कितने समय तक रहे।
7-पिछला गेट जो बरामदे में खुलता है, उसे धक्का देने के पीछे क्या मकसद था।
8-करीब 11 बजकर 50 मिनट से 12.30 तक वीसी आवास में रहने के दौरान नारे क्यों लगाए।

**अफसरों को दिए आदेश**

सूत्र बताते हैं कि आला अधिकारी अपने अफसर पर भड़के हुए थे। अफसर को आदेश दिए गए कि उन्हें तो तुरंत रिपोर्ट चाहिए। इतने सुनते ही अफसर ने अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी।

### वार्ड-31 में पेयजल किल्लत से लोग बेहाल

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-31 की सभी कॉलोनियों में पानी नहीं आने की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। बुनियादी सुविधा से वंचित वार्डवासियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर आवाज बुलंद की। पार्षद सरिता के भाई सिकंदर ने जेई और सुपरवाइजर को समस्या की हकीकत से अवगत करवाया। सिकंदर के अनुसार जलापूर्ति की समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। उन्होंने मौके पर ही ज्ञापन सौंपकर समस्या का तुरंत समाधान करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि लोग समस्या से बेहाल हो चुके है। लोगों ने कहा कि जल्द पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो वार्डवासी मजबूर होकर पब्लिक हेल्थ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- MRI Technician 2
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# 'मन की बात' की 11वीं वर्षगांठ पर ग्राम सारथी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## मन की बात कार्यक्रम समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्णः कुलपति

- प्रधानमंत्री मोदी के संवाद कार्यक्रम से प्रेरित होकर युवाओं ने समाज सेवा और उत्कृष्टता की ओर बढ़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलपति प्रो . राजबीर सिंहऔर कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व छात्र। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो संवाद 'मन की बात' की 11वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ग्राम सारथी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण विभाग, यूनिवर्सिटी आउटरीच तथा चौ रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में स्वराज सदन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 'मन की बात' की प्रेरणादायी यात्रा को साझा करना और उससे समाज व युवाओं को जोड़ना रहा।

गौरतलब है कि 'मन की बात' कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को आरंभ हुआ था और तब से यह देशभर में करोड़ों श्रोताओं के जीवन को छूता आ रहा है। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला यह कार्यक्रम जनता से सीधा संवाद स्थापित करता है और समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश देता है। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि मन की बात ने बीते 11 वर्षों में स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत और नवाचार जैसे विषयों पर देश को जागरूक किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के प्रसारणों में युवाओं से उद्यमिता और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया, जो समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एमडीयू अपने यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के जरिये मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सार्थक सन्देश को आगे बढ़ने और जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने छात्रों और ग्राम सारथी वॉलंटियर्स से आह्वान किया कि वे मन की बात के संदेशों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाए, ताकि वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन कौशल और समाज सेवा से ही व्यक्ति वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के नशामुक्त घर अभियान की विशेष चर्चा की, जो अब जन-जन तक पहुंच रहा है और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। साथ ही उन्होंने ग्राम सारथी आउटरीच वॉलंटियर्स, योग युक्त मोटापा मुक्त अभियान और एनीमिया मुक्त पोषण युक्त अभियान जैसी पहलों को सराहनीय बताया।

इस अवसर पर प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, चौ रणबीर सिंह संस्थान के निदेशक प्रो. संदीप मलिक, डिप्टी डीन डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू, निदेशक जनसम्पर्क प्रो. आशीष दहिया, निदेशक आउटरीच प्रो. अंजू धीमान, एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी, निदेशक सीडीएस प्रो. प्रतिमा देवी, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, प्रो. सुधीर कुमार, प्रो. राधेश्याम, प्रो. संतोष नांदल, डॉ राजेश कुमार, डॉ. नीरजा अहलावत, डॉ. राजेश कुंडू, डॉ. श्रीभगवान सहित विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी और शहर के गणमान्य उपस्थित रहे। उपस्थित जन ने संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### यह केवल रेडियो शो नहीं, बल्कि देश को जोड़ने वाला जन आंदोलन : जगलान

कार्यक्रम के प्रारम्भ में यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जगलान, जिन्हें अब तक 7 बार मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा सराहा जा चुका है ने मन की बात की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस संवाद कार्यक्रम के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक रेडियो शो नहीं, बल्कि देश को जोड़ने वाला जन आंदोलन है।




## स्वामी ओमानंद सरस्वती और चौ. प्रियव्रत के सपने हो रहे साकार

**रोहतक।** सन 1985 में स्थापित चौ. लखीराम आर्य अनाथालय, जिसे वर्तमान में सरकार द्वारा परिवर्तित नाम जगन्नाथ आश्रम परिसर के रूप में संचालित किया जा रहा है, आज दो आश्रमों के रूप में असहायों का सहारा बन चुका है। इस संस्थान की नींव स्व. स्वामी ओमानंद सरस्वती-जिन्हें राष्ट्रीय पंडित की उपाधि से सम्मानित किया गया था और दानवीर स्व. चौ. प्रियव्रत ने रखी थी। उनकी यही सोच थी कि यह आश्रम उन दीन-हीनों और असहाय बच्चों का सहारा बने, जिनका दुनिया में कोई नहीं। तीन महीने पहले एक दो माह की बच्ची प्री-एडॉप्शन के तहत आश्रम से नए परिवार को सौंपी गई थी। नियमानुसार सभी औपचारिकताओं के बाद, हाल ही में जिलाधीश और बाल संरक्षण विभाग की उपस्थिति में उसे विधिवत रूप से उसके दत्तक माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिस बच्ची को समाज ने "अनाथ" समझकर त्याग दिया था, वही अब राजघराने की बेटी बन गई है। हालांकि, कारा और सारा के नियमों के अनुसार उस राजघराने की पहचान सार्वजनिक नहीं की जा सकती।

**आश्रम में हुआ स्वागतः** कई आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी करने के लिए जब दत्तक माता-पिता बच्ची को लेकर आश्रम पहुंचे तो वहां का वातावरण बेहद भावुक हो गया। इस अवसर पर आश्रम के प्रधान, मंत्री युवराज, सुभाष सांगवान, हवा सिंह राठी, रविंदर सिंह, राजरूप राठी और मैनेजर संदीप उपस्थित रहे।

**समाज को नई दिशाः** इस घटना ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि स्वामी ओमानंद सरस्वती और चौ. प्रियव्रत की मूल भावना "असहायों को सहारा" देने का सपना-आज भी जीवित है और साकार हो रहा है। बच्ची का राजघराने में दत्तक जाना न केवल उसके जीवन की नई शुरुआत है बल्कि यह पूरे समाज के लिए प्रेरणा है ।

### सेक्टरों में सफाई व्यवस्था चरमराई, जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

# शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेरों से उठने वाली बदबू से लोग परेशान

> कुछ इलाकों में तो गाड़ी हफ्ते भर से नहीं आई, जिससे लोगों ने कूड़ा खाली प्लॉट्स, सड़कों के किनारे और पेड़ों के नीचे डालना शुरू कर दिया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के विभिन्न सेक्टरों और कॉलोनियों में पिछले कुछ दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। हालात यह हैं कि कई सेक्टरों में सफाई कर्मचारी दिखाई ही नहीं देते। वहीं, 2-3 प्रमुख मार्केट में भी सफाई न होने से गंदगी का अंबार लग चुका है। लोगों को जहां स्वच्छ माहौल और साफ सड़कें मिलनी चाहिए थीं, वहां जगह-जगह कचरे के ढेर और बदबू से आमजन परेशान हैं।

**कूड़ा उठाने की गाड़ियां नहीं आ रहीं समय परः** स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से भेजी जाने वाली कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां कई दिनों से समय पर नहीं आ रही हैं। कुछ इलाकों में तो गाड़ी हफ्ते भर से नहीं आई, जिससे लोगों ने कूड़ा खाली प्लॉट्स, सड़कों के किनारे और पेड़ों के नीचे डालना शुरू कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ कि गली-मोहल्लों में गंदगी का ढेर लग गया है। कई जगह सड़कों पर कूडे के ढेर लगे है। जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया।

**जहां गोवंश को रोटी मिलती थी, वहां गंदगी के ढेरः** शहर के कई सेक्टरों और मार्केट में लोग रोज सुबह-शाम गायों के लिए रोटियां डालते थे। यह जगहें धर्म और आस्था का केंद्र मानी जाती थीं। मगर हालात ऐसे बन गए हैं कि अब उन्हीं स्थानों पर कूड़े-कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। लोग रोटियां डालने के बजाय बदबू और गंदगी देखकर दूर से गुजर जाते हैं। पशुप्रेमियों का कहना है कि यह स्थिति बेहद दुखद है। पशुप्रेमियों ने कहा कि ऐसी जगह को साफ सुथरा रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

### लोग बोले-शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम और पार्षदों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर बार आश्वासन मिल जाता है कि गाड़ियां जल्द भेजी जाएंगी और सफाई कर्मचारी लगेंगे, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सेक्टर-एक निवासी ने बताया कि पहले गाड़ी रोज सुबह तय समय पर आती थी, लेकिन अब उसका कोई शेड्यूल ही नहीं बचा।

**बीमारियों का खतरा बढ़ाः** चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह की गंदगी और जलभराव से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ सकता है। बरसात के दिनों में पहले ही मच्छर बढ़े हुए हैं और यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। कई परिवार छोटे बच्चों और बुजुर्गों को लेकर खासे चिंतित हैं।

### मार्केट में आना-जाना मुश्किल

सिर्फ सेक्टर ही नहीं, शहर की कई प्रमुख मार्केटों का भी बुरा हाल है। सब्जी मंडियों और रिहायशी बाजारों में सफाई न होने से लोग परेशान हो रहे हैं। व्यापारी वर्ग का कहना है कि गंदगी और बदबू की वजह से ग्राहकों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। खरीदारी करने आए लोग जल्दी-जल्दी सामान लेकर लौट जाते हैं, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।

### सफाई दुरुस्त करने की मांग

लोगों की ओर से प्रशासन मांग कि तुरंत सफाई कर्मचारियों को सेक्टरों और मार्केट में लगाया जाए और कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों का समय तय किया जाए। यह भी व्यवस्था हो कि लोग गायों के लिए रोटियां डालने वाली जगहों पर गंदगी न फैलाएं। सामाजिक संगठनों ने भी अपील की है कि नागरिक खुद भी कूड़ा इधर-उधर डालने से बचें और सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें।



## बीजेपी रोहतक को मानती है पर्यटन स्थल, लाडो लक्ष्मी योजना लगाई शर्त

**रोहतक।** पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार शाम को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा ने रोहतक को पर्यटन स्थल माना हुआ है। नेता आए दिन यहां पिकनिक मनाने आते है। उनके पास मुद्दे की बात कोई नहीं होती। वे केवल केवल दिखावे की राजनीति करते हैं। भूपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। बोले हरियाणा ऑर्गेनाइज्ड अपराध में नंबर वन बन गया है। आए दिन हत्या, लूट, डकैती जैसी घटनाएं देखने को मिल रही है।

**मंडी से नहीं हो रहा धान का उठानः** भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मंडियों से धान का उठान नहीं हो रहा। मंडियों में 7 लाख टन धान आया और एक लाख 49 हजार टन का ही उठान हुआ। किसान को केवल उलझाया हुआ है। किसान को 400 रुपए कम कीमत मिल रही है। 4 जिलों में इलेक्ट्रिक कांटे तक नहीं है।

**लाडो लक्ष्मी योजना बनी मजाकः** भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया है। सरकार कह रही है कि 21 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा, जबकि रजिस्ट्रेशन एक लाख 78 हजार का ही हुआ है। पहले 3600 रुपए देने की बात कही, फिर 2100 रुपए देने की बात कही। अब उसमें भी एक लाख आय की शर्त लगा दी। सरकार का वादा सबको देने का था तो अब प्रूफ क्यों मांग रहे हैं। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राव नरेंद्र के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कहा कि कांग्रेस जात-पात की राजनीति नहीं करती। प्रदेशाध्यक्ष सभी कांग्रेस के नेताओं से मिल रहे हैं और पहले जो प्रदेशाध्यक्ष रहे, वो भी मिलते रहे हैं और मिलना भी चाहिए। राव नरेंद्र के आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होगा। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की तरफ से निकाली जाने वाली सद्भावना यात्रा को लेकर हुड्डा ने कहा कि अगर कांग्रेस का कोई कार्यक्रम होगा तो वह जरूर जाएंगे।

## पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने जाना वरिष्ठ पत्रकार सोमनाथ शर्मा का कुशलक्षेम



**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा वरिष्ठ पत्रकार सोमनाथ शर्मा से मिलने उनके हासउंग बोर्ड स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सोमनाथ शर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व मंत्री को इस मौके पर डॉ मंगलसेन पर आधारित पुस्तक भी सप्रेम भेंट की।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी पर विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वावधान में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेष व्याख्यान को राजकीय महाविद्यालय बड़ोता के भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश कलकल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कैडेट्स को भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के महत्व और इसके विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग से अवगत कराना था। व्याख्यान के दौरान डॉ. कलकल ने बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में भू-स्थानिक तकनीक का प्रयोग कृषि, शहरी योजना, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन, पर्यावरण संरक्षण तथा सैन्य क्षेत्र सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के सभी कैडेट्स मौजूद रहे और उन्होंने व्याख्यान को बड़े ध्यानपूर्वक सुना। व्याख्यान की शुरुआत में डॉ. शैलेश कलकल का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में एएनओ कैप्टन रश्मि सिंह और कैप्टन राजेश दलाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# एचडी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थियों ने धूमधाम से मनाया दशहरे का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एच डी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी-महम में महात्मा गांधी,लाल बहादुर शास्त्री जयंती व दशहरे के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न कविताओं, भाषणों द्वारा इन महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व व रामलीला के मंचन द्वारा राम के जीवन की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की।

स्कूल के निदेशक कुलवंत नहरा ने विजय दशमी के त्योहार के मौके पर कहा कि अपने व्यक्तित्व से बुराई रुपी रावण को मारकर सदमार्ग पर चलना चाहिए। प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने दशहरा पर्व को बुराई पर अच्छाई का तथा असत्य पर सत्य का प्रतीक बताकर सभी को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के सचिव संजीव छिल्लर व उप प्राचार्या इंदु नहरा के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



**महम** । एचडी स्कूल खेडी महम में रावण दहन के मौके पर मौजूद नन्हें मुन्ने कलाकार व शिक्षक।

### सीबीएसई नेशनल स्कूल गेम्स जूडो में दिखाया दमखम

# पदक विजेता मयंक का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गंगानगर (राजस्थान) में आयोजित सीबीएसई नेशनल स्कूल गेम्स जूडो प्रतियोगिता में गांव कंसाला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मयंक ने सिल्वर मेडल जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।

ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जब मयंक गांव लौटे तो ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मयंक वर्तमान में स्कूल का छात्र है और उन्हें सुबेदार इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी में कोच आशीष खोखर और अर्जुन खोखर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। सुबेदार इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी पिछले दो वर्षों से ग्रामीण अंचल में खिलाड़ियों को निखारने का कार्य कर रही है। इस सत्र में एकेडमी के कई खिलाड़ियों ने जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। हाल ही में छोटू राम स्टेडियम में आयोजित जिला कुराश चैंपियनशिप में गांव कंसाला के देवराज ने स्वर्ण और मुकुट ने रजत पदक जीतकर कुराश स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। यह प्रतियोगिता 12 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी। एकेडमी के संचालक आशीष खोखर और सुमित खोखर, दो युवा भाई हैं, जो गांवों के बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के मिशन पर काम कर रहे हैं।

गांव कंसाला के सरपंच ने भी एकेडमी की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था गांव और आसपास के क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित हो रही है। उन्होंने मयंक की उपलब्धि को प्रेरणादायी बताया और कोचिंग स्टाफ के समर्पण की विशेष प्रशंसा की।

## नेहा और यीशु ने दिखाया दम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

कैथल में 3 से 6 अक्टूबर को चल रही 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता में रोहतक की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। मीडिया कन्वीनर डॉक्टर जनक ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में रोहतक की खिलाड़ी नेहा (26 किग्रा वर्ग) और यीशु (24 किग्रा वर्ग) ने अपने-अपने भार वर्ग में बेहतरीन खेल दिखाया। दोनों ने पूरे आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के दम पर प्रदेश की दिग्गज खिलाड़ियों को पराजित करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर रोहतक जिले को गौरवान्वित किया। इन खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर उनके कोच अंजू बाला को भी विशेष बधाई दी गई, जिन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षित कर विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच को बधाई देते हुए जिले के सभी अधिकारी विशेष रूप से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, एईईओ राकेश सिवाच, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक और सभी खेल प्रशिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।